## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 09.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन के तमिलनाडु दौरे पर, आज चेन्नई में करेंगे रोड शो।
2. लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत देवघर से 7 और जामताड़ा से 1 अभियुक्त को 17 किलो गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार।
3. प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने जमीन घोटाला मामले में फर्जी डीड बनाने वाले आरोपी सद्दाम को किया गिरफ्तार।
4. जेईपीसी की ओर से गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम ने सरकारी स्कूलों में पकड़ी गड़बड़ियां, गुमला के 23 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी, 10 का वेतन रोका।
5. एदार–ए–शरिया ने आज ईद का चांद देखने की, की अपील, आज चांद दिखा तो कल मनायी जाएगी ईद।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन के तमिलनाडु दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी आज चेन्नई में रोड शो और कल दो जनसभाएं करेंगे। रोड शो शाम छह बजे के बाद शुरू होगा, जिसमें दक्षिण चेन्नई और मध्य चेन्नई क्षेत्र शामिल होंगे। दक्षिण चेन्नई लोकसभा सीट से भाजपा की तमिलसाई सुन्दोराजन मैदान में हैं जबकि मध्य चेन्नई सीट से पार्टी के विनोज पी. सेल्वोम डीएमके उम्मीदवार दयानिधि मारन के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।

**********************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन आज गिरिडीह में झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। गिरिडीह के एक रिसॉर्ट में श्रीमती सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध लोगों और खासकर झामुमो के पंचायत स्तरीय नेताओ से संवाद करेंगी। गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया कि दोपहर में कल्पना सोरेन बैठक करने के बाद वापस रांची लौट जायेगी।

**********************

आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया है।

**********************

देवघर जिले में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मादक पदार्थ तस्करों के पास से 14 किलो 600 ग्राम प्रतिबंधित गांजा जब्त किया है. वहीं मामले में कुल 7 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अंतरजिला या अंतर राज्यीय सीमा में व्यापक पैमाने पर अवैध शराब, रुपये, हथियार या अन्य सामग्री की आवाजाही पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। दुमका–देवघर और गोड्डा–देवघर के मुख्य सड़क स्थित चौपामोड़ के निकट वाहनों की जांच के दौरान उस कार को पकड़ा गया और तलाशी ली तो इससे भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद हुआ।

**********************

खूंटी पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार मादक पदार्थ सप्लाई करने वालों के विरूद्ध अभियान चला रही है। खूंटी पुलिस ने अब तक 5 करोड़ मूल्य से अधिक की अफीम और डोडा बरामद किया है और अफीम तस्करों की धर–पकड़ के लिए सुदूरवर्ती सीमावर्ती इलाकों में अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

जामताड़ा जिले के फतेहपुर स्थित एक किराना दुकान से कल पुलिस ने छापेमारी कर दो किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि बरामद गांजे का अनुमानित मूल्य डेढ़ लाख के करीब है। उन्होंने बताया कि अवैध धंधे में लिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**********************

चतरा जिले में मादक पदार्थों की बढ़ती खरीद फरोख्त और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चतरा सहित राज्य के 4 जिलों में नारकोटिक थाने खोले जाएंगे।

**********************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने जमीन घोटाला मामले में फर्जी डीड बनाने के आरोपी सद्दाम को गिरफ्तार किया है। ईडी ने सद्दाम को रिमांड के लिए विशेष अदालत में आज पेश किया। ईडी की ओर से सद्दाम से पूछताछ के लिए उसकी सात दिनों की रिमांड मांगी गयी है। पूर्व में ईडी ने सद्दाम के घर पर छापेमारी की थी और कई फर्जी डीड जब्त किए थे।

**********************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से प्रयास सह प्रोजेक्ट इंपैक्ट की जमीनी कार्यान्वयन की पड़ताल और समीक्षा की जा रही है। इसके लिए गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण टीम विभिन्न जिलों में औचक निरीक्षण कर रही है। कल गुमला में औचक निरीक्षण के दौरान ई–विद्या वाहिनी पोर्टल में नियमित बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं कराने वाले 23 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं 10 शिक्षकों का वेतन रोका गया है। तीन दिनों के अंदर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा भी की जा सकती है।

**********************

एदार–ए–शरिया ने लोगों से आज ईद का चांद देखने की अपील की है। एदार–ए–शरिया झारखंड के नाजीमे आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा है कि आज चांद नजर आए तो दारूल कजा एदार–ए–शरिया के इस्लामी मरकज हिंदपीढ़ी को सूचित करें। आज चांद नजर आया तो आज ही चांद रात होगी और कल ईद मनायी जाएगी। यदि आज चांद नजर नहीं आया तो 11 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

**********************

हजारीबाग जिले में संस्कार भारती की ओर हिन्दू नव वर्ष की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर की हृदय स्थली झील में उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं भंजनाजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**********************

गढ़वा–नगर ऊंटरी एन एच 75 मार्ग पर कल देर रात रमना थाना क्षेत्र के कबिसा गांव स्थित लाल बागान के समीप एक मोटरसाइकिल ट्रैक्टर से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगो की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.

**********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>

- जमशेदपुर में सामाजिक संस्था नमन द्वारा साकची स्थित कार्यालय में देश को आजादी दिलाने के लिए क्रान्ति का बिगुल बजाने वाले मंगल पांडे को उनके बलिदान दिवस पर कल पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।
- जमशेदपुर में न्यू बारीडीह स्थित श्री श्री नोकालम्मा मंदिर में आयोजित श्री श्री नोकालम्मा पूजा महोत्सव कल संपन्न हो गया। आज श्री श्री नोकालम्मा पूजा समिति द्वारा उगादि मनाया जा रहा है। कल शाम में आरती के बाद माता नोकालम्मा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद रथ पर सवार होकर माता मंदिर से निकली और भक्तों को दर्शन दी।
- गिरिडीह जिले में लोकसभा चुनाव, नवरात्र ईद और सरहुल पर्व को लेकर गिरिडीह पुलिस सतर्क है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गिरिडीह में थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर बैठकों का आयोजन किया

जा रहा है। गिरिडीह एसडीपीओ बिनोद रवानी ने अपने सभी थाना प्रभारी और इंस्पेक्टरों के साथ बैठक कर सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करने का आदेश दिया है।

**********************

रामगढ़ जिले में गर्मी के मौसम के मद्देनजर सभी क्षेत्रों में सरकारी जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर कल उपायुक्त रामगढ़ ने समीक्षा की। उपायुक्त ने कार्यपालिक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, अन्य अधिकारियों तथा ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस के तहत चिन्हित सभी संवेदकों को बेहद गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए आम जनों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

***************